


सांध्य दैनिक

# 4PM

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

• वर्षः 9 • अंकः 253 • पृष्ठः 8 • लखनऊ, शुक्रवार, 20 अक्टूबर, 2023

मूल्य ₹ 3/-




एक छोटी सी मोमबत्ती का प्रकाश कितनी दूर तक जाता है, इसी तरह इस बुरी दुनिया में एक अच्छा काम चमचमाता है।

-विलियम शेक्सपीयर

जिद...सच की


कोहली के कमाल से बांग्ला टीम... 7 | इंडिया गठबंधन को रहना होगा बीजेपी... 3 | यूपी में अपराधियों के हौसले... 2


# प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर किए तीखे प्रहार

## बोलीं- कांग्रेस सरकार ही देश में लाएगी खुशहाली

## सचिन बोले- राजस्थान में सरकार होगी रिपीट, जनता के ऊपर पूरा भरोसा

» दौसा में जनता के सामने खोली बीजेपी की पोल

» जनसभा से पहले दौसा पहुंचे पायलट

» भाजपा में 40 टिकट बंटे और 80 झगड़े हो गए : पायलट


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

दौसा। विधानसभा चुनाव 2023 का घमासान शुरू हो चुका है। प्रियंका गांधी के दौसा के कंदोली गांव में मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने राजस्थान में एकबार फिर कांग्रेस सरकार बनाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने पिछले पांच साल राज्य की खुशहाली के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों से आमजन परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा बस धर्म के नाम पर बांट कर नफरत फैला रही है।

इससे पहले विशाल जनसभा के चलते सचिन पायलट दौसा पहुंचे जहां उन्होंने सभा स्थल का जायजा लेकर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि भाजपा ने अभी तक 40 टिकट वितरण की हैं, जिसके चलते भाजपा के अंदर 80 झगड़े हो चुके हैं। राजस्थान में आचार संहिता लगने के बाद दौसा जिले में प्रियंका वाड्रा गांधी या किसी बड़े नेता की पहली जन सभा के साथ सिकराय विधानसभा सहित दौसा जिले में चुनाव प्रचार का आगाज हुआ। कांदौली गांव से प्रियंका गांधी दौसा जिले सहित आसपास के जिलों को विशाल सभा के साथ संबोधित करेंगी। इससे पहले वहां पहुंचने पर प्रियंका को धीरज गुर्जर ने पीली लुगड़ी पहनाकर स्वागत किया ।




### सभी नेता कार्यकर्ता एकजुट होकर मिलजुल कर चुनाव लड़ेंगे



सचिन ने कहा कि दौसा जिला कांग्रेस का गढ़ रहा है। कांग्रेस को कैसे मजबूत करें इस पर भी सभी नेता कार्यकर्ताओ एकजुट होकर मिलजुल कर चुनाव लड़ेंगे और सभा को कामयाब बनाएंगे। इसका संदेश कल प्रियंका वाड्रा दौसा जिले के कांदौली से देंगी। भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए पायलट बोले हाल ही में जो खबरें सामने आ रही हैं, उसको देखकर लगता है कि न तो सदन के अंदर न सदन के बाहर न जयपुर न दिल्ली बीजेपी प्रभाव छोड़ पाई है।

### दिल्ली में दोस्ती, राज्यों में कुश्ती : शिवराज



मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा की तकरार पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा है। उन्होंने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती, यह कैसा इंडिया गठबंधन है। अखिलेश यादव चिरकुट जैसे शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं, इससे उनकी मन की स्थिति समझी जा सकती है। उन्होंने बताया है कि कांग्रेस ने उन्हें और सपा को एक साल तक धोखे में रखा। बातें करते रहे और बाद में धोखा दे दिया। उनके कार्यकर्ता रातभर जागे, उन्हें बैठाया और उन्होंने चिरकुट जैसे जिन शब्दों का प्रयोग किया है, इससे उनके मन की स्थिति समझी जा सकती है कि कांग्रेस ने कितना धोखा दिया है। सीएम ने कहा कि जिस दिन इंडिया गठबंधन बना था। हमने कह दिया था यह बेमेल गठबंधन है। घमंडिया गठबंधन है, इनमें न लोगों के विचार एक हैं और न ही दिल एक है। केवल मोदी की लोकप्रियता से घबराकर ये बेमेल गठबंधन बना था, जो बनने से पहले ही टूट रहा है।

### जम्मू-कश्मीर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में कर्ण सिंह व सोज को जगह

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया है। नई कमेटी में पांच वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 22 उपाध्यक्ष, 51 महासचिव और 62 सचिव नियुक्त किए गए हैं। खरगे ने 21 जिला अध्यक्षों की भी नियुक्ति की है। इसके अलावा यहां 22 सदस्यीय नई कार्यकारिणी को मंजूरी दी गई है। नई कार्यकारिणी में कर्ण सिंह, सैफुद्दीन सोज, गुलाम अहमद मीर, तारीक हमीद कर्रा और तारा चंद जैसे वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। पांच वरिष्ठ उपाध्यक्षों के रूप में मूला राम, जीएन मोंगा, बलवान सिंह, रविंदर शर्मा और मोहम्मद अनवर भट को नियुक्त किया गया है। वकार रसूल वानी जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के अध्यक्ष बने रहेंगे।

# लोस का चुनाव 'इंडिया गठबंधन' के साथ मजबूती से लड़ेंगे : शिवपाल

» बोले- भाजपा को हराने को एकजुट रहें सेक्युलर पार्टियां

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बलिया। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन की सहयोगी समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी है, जिसके बाद सपा और कांग्रेस के बीच तल्खी बढ़ गई है, दोनों तरफ से एक दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की जा रही है। अब इस पर सपा नेता शिवपाल यादव का बयान आया है।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव यूपी के बलिया जनपद पहुंचे हुए थे, इस दौरान पत्रकारों ने जब उनसे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बयान पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि हम तो भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए मजबूती से गठबंधन के साथ है, यूपी में सपा बीजेपी को हटाने का काम करेगी, हम तो चाहते हैं कि कांग्रेस भी साथ रहें, अन्य पार्टियां भी साथ रहें, जितनी भी सेक्यूलर पार्टियां हैं सब साथ रहें और बीजेपी को 2024 में हटाने का काम करेंगे। मीडिया ने जब शिवपाल यादव से पूछा कि क्या बिना कांग्रेस के ये संभव हो पाएगा, तो सपा नेता ने कहा कि हम तो कांग्रेस से भी यही कह रहे हैं कि वो हमारे साथ रहें, लोकसभा चुनाव में साथ रहे, हम मजबूती के साथ 2024 का चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ लड़ना चाहते हैं और लड़ेंगे।



# दर्शन हीरानंदानी ने सादे कागज पर किसको भेजा हलफनामा : महुआ

» कैश फार क्वेरी मामले पर टीएमसी सांसद का पलटवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों से घिरीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने दर्शन हीरानंदानी के आरोपों के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस पोस्ट में महुआ मोइत्रा ने कई बड़े दावे किए हैं और पीएमओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महुआ मोइत्रा ने लिखा कि तीन दिन पहले हीरानंदानी ग्रुप ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी, जिसमें उन्होंने सभी आरोपों को आधारहीन बताया था।

अब एक हलफनामा मीडिया में लीक हो रहा है, जो किसी लेटरहेड पर नहीं है और ये भी नहीं पता है कि यह कहां से लीक हुआ है। जिसे लेकर कुछ गंभीर सवाल उठ रहे हैं। महुआ मोइत्रा ने प्रेस विज्ञप्ति में पूछा कि सीबीआई और संसद की नैतिक समिति ने या फिर किसी भी जांच एजेंसी ने अभी तक दर्शन हीरानंदानी को समन नहीं भेजा है। ऐसे में उन्होंने ये हलफनामा किसे दिया? हलफनामा एक सफेद पेपर पर है ना कि किसी लेटरहेड पर या फिर नोटरी पर। देश का सबसे इज्जतदार और पढ़ा-लिखा बिजनेसमैन एक सफेद पेपर पर हस्ताक्षर क्यों करेगा अगर उसके सिर पर किसी ना बंदूक ना रखी हो तो?



### एथिक्स कमेटी को अब तक नहीं मिली मोइत्रा के खिलाफ हीरानंदानी की चिट्ठी

एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने शुक्रवार (20 अक्टूबर) को कहा कि उन्हें संसद में 'सवाल पूछने के लिए कैश लेने' के मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) महुआ मोइत्रा के खिलाफ दर्शन हीरानंदानी की चिट्ठी अभी तक नहीं मिली है। सोनकर ने कहा कि एथिक्स कमेटी इस मामले में सबूतों की जांच करेगी, उनका कहना है कि ये सच में गंभीर मामला है।

### अब डॉग चोरी केस में फंसीं

रिश्वत लेने के मामले में फंसी महुआ पर अब उनके पूर्व दोस्त और वकील जय अनंत देहद्राई ने ही बड़ा आरोप लगाया है। वकील का आरोप है कि महुआ ने उनके कुत्ता का अपहरण कर लिया है। दिल्ली हाईकोर्ट तक में इस मामले में सुनवाई हुई और बहस के बाद महुआ के वकील ने केस से ही खुद को अलग कर लिया। दरअसल, जय अनंत देहद्राई ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया है कि महुआ ने उनके कुत्ते हेनरी को चारी/अपहरण कर उन पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को सीबीआई शिकायत वापस लेने का दबाव डाला है।

# यूपी में अपराधियों के हौसले बुलंद

## » जज की हत्या की कोशिश पर भाजपा को घेरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पॉश इलाके में एक जज पर हुए जानलेवा हमले को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार की अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या यूपी सरकार की तरफ से इन अपराधियों को कोई विशेष छूट मिली हुई है। जो उनके हौसले इतने बढ़ गए हैं कि राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण इलाके में सरेआम माननीय न्यायाधीश जी को गाड़ी से उतारकर उनका गला दबा रहे हैं। ये कैसे अपराधी हैं, जिनसे सरकार दब रही है और सवाल ये भी है कि क्यों? मंगलवार देर शाम डालीबाग इलाके में एक कार सवार ने जज पर हमला कर दिया।

उसने पहले अपनी कार से उनकी गाड़ी में टक्कर मारी और फिर उन्हें घसीटकर बाहर निकाल लिया। मारपीट करने के बाद जज की गला दबाकर हत्या करने की भी कोशिश की। अर्दली ने उन्हें बचाया। जज की तहरीर पर बुधवार शाम हजरतगंज पुलिस ने कार नंबर के आधार पर हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### दबाव में है योगी सरकार : अखिलेश

सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस पर बिफर गए। उन्होंने नाराजगी भरे अंदाज में कहा कि कांग्रेस अपने चिरकुट नेताओं से सपा के लिए बयानबाजी न करवाए। अखिलेश ने कांग्रेस को धोखेबाज बताते हुए कहा कि अगर उन्हें पता होता इंडिया गठबंधन विधानसभा स्तर पर नहीं है तो वह कांग्रेस से बात ही नहीं करते। अखिलेश ने कहा कि अगर वे (कांग्रेस) कहते हैं, कि विधानसभा स्तर पर गठबंधन नहीं है तो हम स्वीकार करते हैं। शायद हमें ही कन्फ्यूजन रहा होगा। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मध्य प्रदेश में सपा की कोई हैसियत नहीं है संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए अखिलेश बोले कि उनकी हैसियत क्या है। इंडिया गठबंधन के बारे में वे कितना जानते हैं, क्या बैठकों में थे।



### छोटे कांग्रेसी नेता न करें बयानबाजी : सपा प्रमुख

अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं से अपील है कि वह छोटे नेताओं से इस तरह की बयानबाजी न कराएं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की मीटिंग में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने रात-रात भर वार्ता की। मध्यप्रदेश में कहां, किस सीट पर सपा जीती, कहां नंबर दो पर रही यह आंकड़ा लेकर भरोसा दिया कि 6 सीटों पर विचार करेंगे। फिर सपा को एक भी सीट नहीं दी, इसलिए हमने वहां अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। इंडिया गठबंधन पर कहा कि अगर यह सिर्फ लोकसभा में है, तो इस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस जैसा व्यवहार सपा के साथ करेगी, उनके साथ वैसा ही किया जाएगा।

# एमपी एमएलए कोर्ट से पूर्व विधायक खब्बू तिवारी बरी

## » 1997 हुए हत्या के मामले में सोनभद्र अदालत का आया फैसला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। गोसाईगंज सीट से पूर्व विधायक खब्बू तिवारी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बाहुबली पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी को हत्या के मामले में दोषमुक्त कर दिया है। 1997 में सोनभद्र में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें गुरुवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए दोषमुक्त कर दिया। सोनभद्र के पिपरी थाना क्षेत्र में 3 जून 1997 को हिंडाल्को कम्पनी में ठेकेदारी को लेकर एक हत्या हुई थी।

जिसमें खब्बू तिवारी समेत तीन लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। सोनभद्र जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा गुरुवार को इस मामले में दोषमुक्त कर दिया गया। खब्बू तिवारी की तरफ से अधिवक्ता धर्मेंद्र दुबे और विकास शुक्ला ने बहस की।

# लोस चुनाव में भाजपा नेताओं को गांवों में नहीं घुसने देंगे

## » सम्राट मिहिर भोज प्रतिमा के अनावरण विवाद पर बोला राजपूत समाज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




कैथल (हरियाणा)। सम्राट मिहिर भोज प्रतिमा के अनावरण विवाद को लेकर राजपूत समाज ने महाकुंभ का आयोजन किया। जिसमें वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा नेताओं के विरोध करने का एलान किया गया। समाज के नेताओं ने कहा कि राजपूत समाज बाहुल्य गांवों में किसी भी भाजपा नेता को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली व अन्य राज्यों से भी समाज के नेता पहुंचे।

इस दौरान समाज के लोगों ने कैथल में कुरुक्षेत्र बाइपास पर लगाई सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर गुर्जर शब्द लिखने पर रोष जताया। महाकुंभ की अध्यक्षता करते हुए कर्नल देवेंद्र राणा, विनोद राणा थंबड़ और शेर सिंह राणा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि 10 दिसंबर को दिल्ली में राजपूत समाज की संसद आयोजित की जाएगी। इसमें देशभर से समाज के लोग पहुंचेंगे। वहीं, फरल व कलायत गांव सहित प्रदेश के अन्य जिलों में चल रहे धरने को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

# बढ़ई भाइयों ने बताया कुर्सी का राज: राहुल

## » फर्नीचर मार्केट में कारपेंटरों से मिले थे कांग्रेस नेता, वीडियो किया शेयर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के कीर्ति नगर के फर्नीचर मार्केट में कारपेंटरों से मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। 28 सितंबर को राहुल गांधी दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट पहुंचे और वहां कारीगरों से मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इस मुलाकात का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, कीर्ति नगर के बढ़ई भाइयों के साथ पूरा दिन बिताया, उनका काम सीखा और उन्होंने मुझे बताया 'कुर्सी' का राज।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक विश्वकर्मा बैंक का विचार रखा है, जो केवल कुशल श्रमिकों को ऋण देगा।



लोन मिलेगा तो क्या करोगे? लकड़ी खरीदेंगे, बड़ा ऑर्डर लेंगे, कारीगर रखेंगे, व्यापार बढ़ाएंगे। कीर्ति नगर के बढ़ई भाइयों के साथ पूरा दिन बिताया, उनका काम सीखा, और उन्होंने मुझे बताया 'कुर्सी' का राज़।

पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा, बढ़ई भाइयों का काम कड़ी मेहनत और कला का एक अनूठा मिश्रण है। जरूरत है प्रोत्साहन और समर्थन की। बड़े व्यवसायों को खड़ा करने का रास्ता दिखाना और वित्तीय सहायता से उस रास्ते को आसान बनाना। इससे पहले 21 सितंबर को दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे थे और वहां कुलियों से मुलाकात की थी। 27 जून को करोल बाग भी पहुंचे थे और वहां मोटरसाइकिल मैकेनिकों से मुलाकात की थी।

इससे पहले राहुल गांधी दिल्ली से चंडीगढ़ की यात्रा के दौरान ट्रक में यात्रा करते नजर आए थे। राहुल गांधी ने ट्रक ड्राइवरों से कई मामलों पर बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल बेंगलुरु में एक डिलीवरी बॉय के साथ स्कूटर की सवारी करते देखे गए थे, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।


# सरकार से बढ़ती नाराजगी का लाभ उठाएंगे : अजय

## » बोले- दलित बस्तियों में जाकर कांग्रेस की नीतियों का करें प्रचार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई और संगठन को मजबूत करने एवं विस्तार को लेकर भी मंथन हुआ, जिसमें पूरे प्रदेश से आए कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी और प्रदेश के सभी जिला और शहर अध्यक्ष शामिल हुए, बैठक में पदाधिकारियों के सुझाव के साथ आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के मुद्दे ,भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की वादाखिलाफी से जनमानस में बढ़ती नाराजगी पर चर्चा हुई और आम जनमानस में पैठ बनाने को लेकर विस्तृत संवाद हुआ।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश बदलाव का मूड बना चुका है, हमें अपने संगठन को चुस्त करके जनता के बीच में जाना पड़ेगा, ईमानदारी से काम करने वाले नेताओं को हम बड़ी जिम्मेदारी में प्राथमिकता देंगे, घर-घर पहुंचकर कांग्रेस की नीतियों और कांग्रेस सरकारों द्वारा किए गए कामों को बताने की हम सब की जिम्मेदारी है, भारत जोड़ो यात्रा के बाद पूरे देश का माहौल बदल चुका है उत्तर प्रदेश के जनमानस की सोच और भाव हमारे प्रति है, जनता को आखरी उम्मीद कांग्रेस पार्टी से है, हम प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ दिन-रात 24 घंटे खड़े हैं, आप सभी लोगों के बीच में जाइए, जमीन पर उतरकर आम आदमी से पार्टी की पैठ बनाइए,प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है चाहे वह दलित हो, युवा हो, किसान हो या आम छोटे व्यापारी, सभी बदलाव का मन बना चुके हैं। श्री राय ने कहा कि यही सही समय है कि लोगों को अपने साथ जोड़कर बदलाव को अमली जामा पहनाया जाए, हमने दलितों के प्रणेता मान्यवर कांशीराम जी के महानिर्वाण दिवस से दलित गौरव यात्रा शुरू की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जनपद गोंडा में व्यापारिक ऋण स्वीकृत न किए जाने से व्यथित युवक दिव्यराज पांडे द्वारा आत्मदाह और उसके बाद उनकी दुखद मृत्यु पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है, और कहा है कि भाजपा सरकार में युवा पीड़ित हैं लोगों को नौकरियां नहीं मिल रही है।



### 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिलेगी ऐतिहासिक सफलता

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा मैं भरोसा दिलाता हूं 2024 लोकसभा चुनाव में इसी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ऐतिहासिक सफलता आप सभी के सहयोग से प्राप्त करने जा रही है, हम पीछे नहीं हटेंगे संविधान और आम आदमी के अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी कुर्बानी के लिए तैयार हैं। बैठक में उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने संगठन को मजबूत करने को लेकर कहा कि हम बूथ स्तर तक अपने संगठन को मजबूत कर रहे हैं, काम करने वालों को आगे बढ़ाया जाएगा और उनको पद के साथ टिकट में भी प्राथमिकता मिलेगी, कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसमें सभी वर्ग जाति धर्म के लोगों का हित सुरक्षित है, कांग्रेस जब-जब सरकार में रही है लोगों के लोक कल्याण के लिए काम किया है, आज भाजपा से लोक त्रस्त हैं , आप सब जनता के बीच में जाइए और भाजपा ने जो धोखा दिया है उसकी चर्चा करिए।



# इंडिया गठबंधन को रहना होगा बीजेपी से सतर्क

# मतभेदों को भुलाकर सभी दलों में हो एकजुटता

- » जरा सी गलती का भाजपा को मिलेगा लाभ
- » बंगाल में लेफ्ट की तवज्जों से ममता लाल
- » दिल्ली व पंजाब में कांग्रेस व आप में रार
- » मध्यप्रदेश में सपा व कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं


4पीएम न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली। देश में अगले साल होने वाले लोक सभा के आम चुनाव में एनडीए को हराने के लिए कई विपक्षी पार्टियां एक साथ मैदान में उतरने का फैसला कर चुकी है। इसके लिए उन्होंने इंडिया गठबंधन बनाया है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इसबार 14 व 19 जैसी मोदी की लहर नहीं दिखाई दे रही है जिसका लाभ इंडिया को 2024 में मिल सकता है। पर कुछ दिनों से इंडिया में शामिल दलों के बीच आपसी खींचतान के बाद भाजपा को उन्हे घेरने का मौका मिल गया है। अपने रैलियों में भाजपा के सभी नेता इंडिया को जनता के बीच में एक विलेन गठबंधन के रुप में बताने में जुट गए हैं वे जगह-जगह यह कहते नजर आ रहे है इसं गठबंधन में एका नहीं है।

ऐसे इनको अगर वोट दिया जाएगा तो बेकार ही जाएगा। हालांकि कुछ महीने पहले ही 28 विपक्षी दलों ने बेंगलुरु में बैठक कर एक नए एलायंस की शुरुआत भी की थी जिसका नाम 'इंडिया' दिया गया। इंडिया गठबंधन बनने के बाद से ही इसे ऐसे पेश किया जा रहा है जैसे ये आने वाले आम चुनाव में बीजेपी के लिए चुनौती बन सकता है। लेकिन इस बात में भी कोई दोराय नहीं है कि जब से इस गठबंधन की शुरुआत हुई है तब से ही इसके भीतर रार की खबरें आम हो गई हैं, कभी पीएम पद को लेकर तो कभी सीट बंटवारे को लेकर, अलग-अलग मंचो पर इस गठबंधन के नेता एक दूसरे से नाराजगी जताते नजर आते रहे हैं। वहीं टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी नाखुश नजर आई थी, इस बैठक में जब लेफ्ट के एक नेता अपनी बात रख रहे थे, उसी वक्त ममता बनर्जी ने सवाल उठा दिया कि उन्हें अन्य नेताओं के मुकाबले अधिक बोलने क्यों दिया जा रहा है? इसके अलावा गठबंधन के अंदर सीट शेयरिंग को लेकर भी पार्टियां एकमत नहीं हो पा रही है। सितंबर महीने में हुई इंडिया गठबंधन के समन्वय कमेटी की पहली बैठक में सीट शेयरिंग पर बात नहीं बन पाई थी। जिसके बाद कहा गया कि लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का मुद्दा अब राज्यों के हिसाब से किया जाएगा। कांग्रेस हाईकमान सीधे क्षेत्रीय पार्टियों से संपर्क साध कर राज्य की राजनीति के हिसाब से सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों ने पिछले कुछ दिनों में कई बीजेपी नेताओं ने इस नए गठबंधन और उनके भीतर चल रहे मतभेद को लेकर निशाना साधने की कोशिश की है और बीजेपी भी लोगों तक यह संदेश पहुंचाने की कोशिशों में लगी है कि यह नया गठजोड़ कुछ भ्रष्ट नेताओं और वंशवादी पार्टियों के संकलन से ज्यादा कुछ भी नहीं है, हालांकि अभी ये भी पूर्ण रूप से नहीं कहा जा सकता कि 28 विपक्षी पार्टियों के साथ मिलकर बना नया गठबंधन चुनावी रूप से कितना ताकतवर साबित होगा, लेकिन विपक्ष ने एकजुट होकर जनता के बीच ये धारणा जरूर बना ली है कि इंडिया बीजेपी को चुनौती देने में सक्षम है और इस विचार से बीजेपी असहज महसूस करने लगी है। इंडिया गठबंधन को इस तरह के छोटे-छोटे मतभेदों और बयानबाजी से बचना चाहिए, ताकि एकजुटता का जो संदेश इस गठबंधन ने जनता के बीच दिया था वह बरकरार रह सके।

मध्यप्रदेश में 15 अक्टूबर को कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी होने के बाद इंडिया में मतभेद दिखाई दे रहें हैं। दरअसल 15 अक्टूबर को कांग्रेस ने 3 राज्यों छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी, ऐसी उम्मीद की जा रही थी कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर सकती है। लेकिन कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में उन सात सीटों में से चार पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी, जहां अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी पहले ही लिस्ट में उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी थी।

कांग्रेस की इस लिस्ट ने न सिर्फ एमपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन के अफवाहों पर फुलस्टाप लगा दिया बल्कि समाजवादी पार्टी के नेताओं को भी नाराज कर दिया है। 15 अक्टूबर को ही अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले एक वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस को लेकर अपनी नाराजगी जताई थी। सपा नेता ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस चाहती ही नहीं की बीजेपी हारे। सपा ने कांग्रेस पार्टी को बताया था कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में 10 सीटें चाहती है, लेकिन कांग्रेस ने कम सीटों की पेशकश की थी, फिर अचानक ही इतने सारे उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया गया। कांग्रेस की इस लिस्ट के बाद ये तो तय हो गया है कि मध्य प्रदेश के चुनाव मैदान में दोनों ही पार्टियां अकेले उतरेंगी, लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या इसका असर लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले सीट बंटवारे पर पड़ेगा, आखिर 'इंडिया' गठबंधन में एकता क्यों नहीं बन पा रही है?



## थरूर के बयान से सकते में नीतीश कुमार!

कांग्रेस नेता शशि थरूर के बयान ने सबको चौंका दिया है। विपक्षी गठबंधन के पीएम फेस के रूप में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी का नाम उछाल कर थरूर ने उन सबके मंसूबों पर पानी फेर दिया है, जो बिल्ली के भाग से छींका टूटने का इंतजार कर रहे थे। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, केसीआर और अरविंद केजरीवाल के दिल पर थरूर के बयान से क्या बीत रही होगी, यह तो वे ही बेहतर बता सकते हैं, पर उन्हें तकलीफ जरूर हुई होगी। इसलिए कि पीएम बनने का सपना लेकर सबसे पहले ममता बनर्जी ही निकली थीं। बाद में केसीआर ने भी कोशिश की थी। हालांकि दोनों कहीं से उत्साहजनक रेस्पांस नहीं मिल पाने के कारण बाद में खामोश हो गए थे। अरविंद केजरीवाल ने भले ही पीएम बनने की अपनी मंशा कभी जाहिर नहीं की, लेकिन दो सूबों में सरकार चला रही उनकी आम आदमी पार्टी को चमत्कार की उम्मीद तो रही ही होगी। नीतीश कुमार को तो थरूर के बयान ने सबसे अधिक झटका लगा होगा। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कांग्रेस के प्रधानमंत्री उम्मीदवार को लेकर बड़ा खुलासा किया है। थरूर ने कहा है कि अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करता है तो कांग्रेस अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे या फिर राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में नामित कर सकती है। कांग्रेस काफी हद तक परिवारवादी पार्टी है। शशि थरूर के पहले कांग्रेस के एक और दिग्गज नेता कमलनाथ ने भी कहा था कि कांग्रेस की ओर से निर्विवाद रूप से पीएम फेस राहुल गांधी ही होंगे। यानी अगर आखिरी वक्त तक इंडिया अलायंस बरकरार रहता है तो राहुल गांधी ही पीएम का चेहरा होंगे, अब इसमें शक की कोई गुंजाइश नहीं दिखती। बिहार के सीएम नीतीश कुमार एनडीए छोड़ते ही विपक्षी एकता की रट लगाने लगे थे। बिहार के महागठबंधन में शामिल आरजेडी और जेडीयू के नेता नीतीश को लगातार पीएम फेस बता रहे थे। इसके लिए पटना में कभी पोस्टर लगाए गए तो कभी लालकिले के तर्ज पर बने पंडाल में नीतीश को बिठाया गया। बिहार के विपक्षी नेताओं की इच्छा यही थी कि नीतीश कुमार ही पीएम पद का दावेदार बनें। उत्साह में नीतीश विपक्षी नेताओं के दरवाजे पर दस्तक देते रहे। हालांकि नीतीश ने खुद ही इस बात का खंडन कर दिया था कि वे पीएम पद की रेस में हैं। इसके बावजूद हाल तक आरजेडी के विधायक और लालू यादव परिवार के करीबी भाई बीरेंद्र जोर देकर कहते रहे हैं कि नीतीश पीएम पद के उपयुक्त और सशक्त दावेदार हैं। बिहार विधानसभा के पिछले चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू की काफी दुर्गति हुई। उनके विधायकों की संख्या 43 पर सिमट गई। सहयोगी पार्टी बीजेपी के सर्वाधिक विधायक थे। नीतीश नाराज होकर कोप भवन में चले गए। वे जानते थे कि सबसे अधिक विधायकों वाली पार्टी बीजेपी अकेले कुछ कर नहीं पाएगी। नतीजा यह हुआ कि बीजेपी के बड़े नेताओं को नीतीश के मानमनौवल के लिए आना पड़ा। आखिरकार विधानसभा में तीसरे नंबर की पार्टी जेडीयू के नेता नीतीश कुमार सीएम बन गए थे। नीतीश कुमार ऐसे ही किसी चमत्कार की उम्मीद कर सकते हैं।

## यूपी में अखिलेश व अजय के सुर अलग-अलग

15 अक्टूबर को कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट के बाद सपा और कांग्रेस में सब ठीक नहीं है ये तो जगजाहिर हो ही चुका है। लेकिन इस रार का असर लोकसभा चुनाव की सीटों पर भी असर डालना शुरू कर चुका है। दरअसल मंगलवार यानी 17 अक्टूबर को सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कानपुर पहुंचे थे, वहां अखिलेश यादव एक बयान देते हुए सबको चौंका दिया है, उन्होंने कहा कि सपा अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, गठबंधन पर कांग्रेस निर्णय ले, अखिलेश यादव ने



ये भी कहा कि अगर प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं होगा तो देश स्तर पर भी नहीं हो सकता है। यूपी की लोकसभा सीटों पर गठबंधन कर मैदान में उतरने के सवाल पर अखिलेश कहते हैं कि गठबंधन की बातें और खबरें चली है, लेकिन खबरों में क्या चलता है इससे हमें फर्क नहीं पड़ता। सपा पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक को साथ लेकर 80 सीटों पर बीजेपी को हराने की रणनीति तैयार करेगी। अखिलेश यादव के बयान के तुरंत बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उनकी पार्टी (कांग्रेस) अखिलेश यादव की शर्तों पर नहीं, अपने संकल्पों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की तैयारी उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की है, सीटों के बंटवारे और गठबंधन का फैसला हाईकमान लेगा।

## नीतीश के जातिगत जनगणा मुद्दे को कांग्रेस ने लपका

कांग्रेस आज नीतीश कुमार के गेंद से ही मैदान में बड़ा खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रही है। जाति सर्वेक्षण के काम में नीतीश कुमार को मिली सफलता को कांग्रेस ने अपना हथियार बना लिया है। नीतीश ने सर्वेक्षण रिपोर्ट पर विधानसभा में चर्चा के बाद ही किसी तरह के नीतिगत फैसले की बात कही है। लेकिन कांग्रेस ने तो अब इसे विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनाव के लिए अपना अस्त्र ही बना लिया है। राहुल गांधी तो नीतीश से एक कदम आगे बढ़ कर आबादी के हिसाब से आरक्षण तक की बात कहने लगे हैं। हास्यास्पद यह है कि जनता पार्टी के राज में जब बीपी मंडल आयोग की पिछड़ों पर रिपोर्ट आई तो बाद की कांग्रेस सरकार ने उसे कबाड़ में फेंक दिया। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की सरकारों ने उसकी कोई सुध नहीं ली। मंडल आयोग ने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की थी। आश्चर्यजनक ढंग से उसी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अब आबादी के हिसाब से आरक्षण सीमा तय करने का वादा कर रहे हैं।

## सनातन को दिए बयान पर बैकफुट पर आया था इंडिया गठबंधन

इसके अलावा डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन पर दिए गए बयान को लेकर अलायंस बैकफुट पर नजर आया। नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी ने उदयनिधि के इस बयान को इंडिया गठबंधन का सामूहिक बयान बताया। इसके चलते गठबंधन में शामिल बाकी नेता उदयनिधि के इस बयान से दूरी बनाते नजर आए। इंडिया गठबंधन में शामिल एक और राष्ट्रीय पार्टी सीपीएम भी उहापोह की स्थिति में है, सीपीएम ने अब तक कॉर्डिनेशन कमेटी के लिए किसी भी सदस्य को नामित नहीं किया है।

## आप और कांग्रेस के बीच भी रार

इतना ही नहीं इस गठबंधन में शामिल दो पार्टियां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मतभेद हर दिन बढ़ते नजर आ रहे हैं, इस रार की शुरुआत इंडिया गठबंधन बनने के 1 महीने बाद ही शुरू हो गई थी। दरअसल दिल्ली में कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक की थी. इस बैठक के एक दिन बाद ही कांग्रेस नेता अलका लांबा ने एक बयान दिया, कांग्रेस की तीन घंटे से ज्यादा चली बैठक में संगठन की कमियों और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि हमें सभी सात सीटों पर मजबूती से काम करने का निर्देश दिया गया है. गठबंधन करना है या नहीं, इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है, लेकिन हमें सातों सीटों पर तैयारी करने को कहा गया है। अलका लांबा के इस बयान के जवाब में आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब कांग्रेस गठबंधन नहीं करना चाहती तो फिर मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर को होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक में आप के शामिल होने का कोई मतलब नहीं है।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# लंबे युद्ध वैश्विक मानवता के लिए हानिकारक

> लेबनान में जारी है तोप के हमले इजरायल की सेना ने कहा कि वह लेबनान में एंटीटैंक, गोलाबारी और तोप के हमलों को जवाब दे रही है। अलजजीरा के मुताबिक आईडीएफ ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लगभग दो सप्ताह से यहां गोलीबारी शुरू है. हालांकि यह गोलीबारी आम नागरिकों वाले इलाकों में नहीं हुआ।

*इजरायल-हमास युद्ध का 13वां दिन है। अभी इस लड़ाई के रूकने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। पिछले दिनों गाजा के अस्पताल में एक विस्फाट से 500 से अधिक आम नागरिक मारे गए। फिलिस्तन का अरोप है कि इसरायल युद्ध चार्टर का उल्लंघन किया जिसमें कहा हे कि अस्पताल, स्कूल व अम्राम लोगों को हमला नहीं किया जाएगा। हालांकि इस हमले ये इजरायल ने इंकार उसका कहना है कि हमला कहीं और से हुआ है। बाइडन ने भी इजरायल का इस हमले में हाथ न होने की बात कही है। इस बीच इंग्लैंड के पीएम ऋषि सुनक इसरायल पहुंच गए हैं। बाइडन भी इजरायल जा रहे हैं। अरब देश हालांकि इसरायल की आलोचना कर रह हैं। खैर जो भी अब चूकि युद्ध के लगभग 14 दिन हो गए है तो सभी देशों को बैठकर इस लड़ाई को थामना जरूरी है क्योंकि इससे दुनिया में आर्थिक तबाही आ सकती है जिसके परिणाम युद्ध  से भयावह हो सकते है। इस बीच इजरायल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक तेल अवीव पहुंचे और यहां उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की।*

*उधर लेबनान में जारी है तोप के हमले इजरायल की सेना ने कहा कि वह लेबनान में एंटीटैंक, गोलाबारी और तोप के हमलों को जवाब दे रही है। अलजजीरा के मुताबिक आईडीएफ ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लगभग दो सप्ताह से यहां गोलीबारी शुरू है. हालांकि यह गोलीबारी आम नागरिकों वाले इलाकों में नहीं हुआ। वहीं इजराइल के उद्योग मंत्री नीर बरकत ने कहा युद्ध खत्म होने वाला है, युद्ध लड़ने के साथ-साथ हमारे द्वार व्यापार के लिए भी खुले हुए हैं, इजरायल में हर युद्ध के बाद अर्थव्यवस्था में भारी उछाल आता है. यहां निवेश करने का अच्छा समय है। उधर इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ऐसे कठिन समय में यह स्पष्ट हो गया कि कौन इजरायल का सच्चा दोस्त है, यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक को इजरायल आने और समर्थन देने के लिए धन्यवाद, यह सभी मानवता के मूल्यों के लिए एक लड़ाई है. अगर हम हमास और अन्य आतंकवादी संगठनों को आपराधिक हमले करने से नहीं रोकेंगे तो वे ऐसा करते रहेंगे। दक्षिणी गाजा पट्टी के एक अस्पताल के डॉक्टर ने कहा कि खान यूनिस शहर में एक आवासीय इमारत पर इजरायली हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 40 लोग घायल हुए। एपी के अनुसार बचावकर्मी वहां कई बच्चों को एंबुलेंस की ओर ले गए। कुल मिलकर अब लड़ाई थमनी चाहिए क्योंकि इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।*

( इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं )

# जनतंत्र को मजबूत भी बनायें ये चुनाव

विश्वनाथ सचदेव

यूं तो पिछले एक अर्से से हमारा देश 'चुनावी मोड' में ही चल रहा है, पर अब तो आम चुनाव से पहले के सेमीफाइनल की बाकायदा घोषणा भी हो गयी है। शंखनाद हो चुका है। दिसंबर तक पांच राज्यों में नयी सरकारें भी बन ही जाएंगी। सवाल यह नहीं है कि कौन जीतेगा या कौन हारेगा, सवाल यह है कि इन चुनाव के बाद हमारा जनतंत्र कुछ मज़बूत होगा या कमजोर? हम जनतंत्र का अमृत महोत्सव मना चुके हैं। अब हमारा अमृत-काल चल रहा है। क्या मतलब होता है इस अमृत-काल का, यह तो वही जाने जिन्होंने यह जुमला उछाला है, पर यह तय है कि जुमलेबाजी हमारी राजनीति का एक महत्वपूर्ण हथियार बन गयी है। पिछले आठ-दस सालों में हमने इस हथियार की धार भी देख ली है। होना तो यह चाहिए था कि अपना 'अमृत-महोत्सव' मनाने वाला हमारा लोकतंत्र लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादाओं को मजबूती देते हुए दिखता, पर चुनावी बिसात पर सजे मोहरे बता रहे हैं कि सारा जोर येन-केन-प्रकारेण मुकाबला जीतने का है।

हम देख रहे हैं, और यह स्पष्ट कहा भी जा रहा है कि मैदान में उन्हीं उम्मीदवारों को उतारा जा रहा है, जिनके जीतने की उम्मीद सबसे ज्यादा है। यहां तक तो बात फिर भी ठीक लगती है, पर उम्मीद पूरी करने के अराजक तौर-तरीकों का स्वीकार लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे की घंटी ही माना जाना चाहिए। यह घंटी बज रही है, जोरों से बज रही है, पर क्या हम इसे सुन रहे हैं? सच बात तो यह है कि हम शायद इसे सुनना भी नहीं चाहते। जनता के शासन का नाम है जनतंत्र। जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा शासन। चुनावों का होना या फिर वोट देना मात्र ही इस बात का प्रमाण नहीं है कि हमारा जनतंत्र फल-फूल रहा है। वोट मांगने वाले और वोट देने वाले, दोनों, का दायित्व बनता है कि वह जनतंत्र की इस पूरी प्रक्रिया में ईमानदारी से हिस्सा लें। आज हमें स्वयं से यह पूछने की आवश्यकता है कि क्या हमारी राजनीति में ईमानदारी नाम की कोई चीज बची है?

झूठे वादे करना, धर्म और जाति के नाम पर मतदाताओं को बरगलाना, आधारहीन आरोपों के शोर में विवेक की आवाज को दबा देना, यह सब तो जनतंत्र नहीं है। दुर्भाग्य यह भी है कि जनतांत्रिक मूल्यों के नकार के इस खेल में कोई पीछे रहना नहीं चाहता। सब अपने-अपने महिमा-मंडन में लगे हैं।



आत्म-प्रशंसा से लेकर पर- निंदा तक फैला हुआ है हमारा बदरंग इंद्रधनुष। होना तो यह चाहिए कि राजनीतिक दल अपनी-अपनी रीति-नीति का ब्योरा लेकर जनता के पास जाएं, पर हमारी समूची राजनीति 'पहले की सरकारों' को कोसने से लेकर अपना ढोल बजाने तक सीमित होकर रह गयी है। जो अपने आप को जितना बड़ा नेता समझता-कहता है, वह उतने ही जोर से विरोधी पर लांछन लगाने में लगा है। अपेक्षित तो यह है कि सत्ता-पक्ष चुनाव के मौके पर अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा मतदाता के समक्ष प्रस्तुत करे और विपक्ष सत्ता-पक्ष की कमजोरियों और अपनी रीति-नीति के बारे में बताए। बताए कि वह कैसे और क्या बेहतर करेगा। लेकिन ऐसा कुछ होता दिख नहीं रहा। चुनाव के संदर्भ में जो हो रहा है वह एक तो यह है कि विरोधी को नीचा दिखाने की कोशिश और दूसरे रेवड़ियां बांटने की प्रतिस्पर्धा। बड़ी बेशर्मी से मतदाता को लुभाने की होड़-सी लगी है। एक और प्रवृत्ति जो पिछले एक अर्से से हमारी राजनीति में पनपी है वह मतदाता को अपमानित करने वाली है। हमारे राजनेताओं ने मान लिया है कि देश का मतदाता कुछ रुपयों से खरीदा जा सकता है। दो तरीकों से मतदाता को रुपये बांटे जा रहे हैं, एक तो यह कि चुनाव के मौके पर नोट के बदले वोट दिया जाये और दूसरे वैध तरीके से कभी बेटियों के नाम पर, कभी माताओं-बहनों को नगद राशि दी जाये। स्कूलों में बच्चों की फीस माफ हो, गैस-बिजली आदि की दरें कम की जाएं, सस्ती दरों पर जरूरतमंदों को अनाज बांटा जाये, यह तो फिर भी समझ में आता है, पर यह समझना मुश्किल है कि लाभार्थियों के खातों में पैसे जमा करना रिश्चत नहीं तो और क्या है? रिश्वत लेना या देना अपराध है पर यह अपराध हमारे राजनीतिक दल खुलेआम कर रहे हैं। न उन्हें कोई सजा मिलती है और न उन्हें कोई डर है इसका।

था एक जमाना जब मतदान की यज्ञ से तुलना की जाती थी और वोट को तुलसी-दल की पवित्रता प्राप्त थी। अब तो यह चुनाव ऐसी लड़ाई बन गया है जिसमें सब कुछ जायज मान लिया गया है। यहां तक कि विरोधी को अपशब्द कहते हुए भी किसी को कोई शर्म नहीं आती। बहुत पुरानी बात नहीं है जब संसद तक में ऐसे शब्द काम में लिये गये थे, जो किसी भी सभ्य समाज में उचित नहीं माने जा सकते। इसमें संदेह नहीं कि चुनाव जीतने के लिए ही लड़े जाते हैं, पर किसी भी कीमत पर जीत हमारे जनतंत्र को खोखला ही बनायेगी।

# बढ़ते मुकदमों का समाधान कानून के पालन से

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली



जाड़ों की आहट होते ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय समेत अन्य अदालतों में वायु प्रदूषण से जुड़े मामलों की सुनवाई का भार भी बढ़ने लगता है। गत वर्ष जब दिवाली से पूर्व 1 जनवरी, 2023 तक पटाखों आदि पर प्रतिबंध लगा दिये तो उसके खिलाफ दिल्ली के एक सांसद ने जनहित याचिका दायर कर दी थी। किन्तु सुनवाइयों के बाद न्यायालय ने इसे निरस्त कर दिया था। इस साल भी दिल्ली सरकार ने पटाखों के बनाने, बेचने, संग्रहण व फोड़ने आदि पर प्रतिबंध लगा दिये हैं। बता दें कि यूएन मानवाधिकार समिति द्वारा अक्टूबर, 2021 में प्रस्ताव स्वीकृत किया गया था कि स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार मानवाधिकार है। यह प्रस्ताव भारत समेत अन्य देशों को भी मानना है। ऐसे में यह कैसे हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट दिल्ली की जहरीली धुंध और धुएं से जुड़ी याचिकाओं को मानवाधिकार हनन न माने व प्राथमिकता में न रखे।

देश में पहली बार एक छात्र आदित्य दुबे द्वारा दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिये उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल की गयी। उसकी प्रारंभिक सुनवाइयों के दौर में ही 13 नवम्बर, 2021 को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश समेत 3 जजों की पीठ ने दिल्ली और एनसीआर में 500 के करीब पहुंचते वायु गुणवत्ता सूचकांक को इंगित करते हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) को कहा कि ऐसी स्थिति में लोग कैसे जिंदा रहेंगे। क्या घरों में भी मास्क लगाना पड़ेगा। जरूरत पड़े तो लॉकडाउन लगायें। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिये कुछ ही घंटों में योजना पेश करने के निर्देश दिये थे। पीठ ने कहा था कि इस मुकदमे की प्रासंगिक निगरानी आगे भी जारी रहेगी। वहीं याचिका पर भारत सरकार को भी जवाबदेह बताया। दरअसल, वायु प्रदूषण से जुड़े मामलों की सुनवाई के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के लिये 2021 का साल मुश्किलों वाला था। उच्चतम न्यायालय की पीठ बार-बार यह रेखांकित कर रही थी कि वे दिल्ली में वायु प्रदूषण रोकने के लिये संघर्ष कर रहे हैं व वायु गुणवत्ता सूचकांक को 500 से नीचे लाना चाहते हैं।


वर्ष 2021-22 का दिल्ली स्मॉग काल पिछले तीन सालों में सबसे लम्बा था। फिर भी कुछ पहले तक कोविड-19 से प्रभावित लोग नये प्रतिबंध नहीं चाहते थे। मसलन, गत वर्ष स्मॉग स्थितियों में बच्चों के स्कूल जाने की मजबूरी देख सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि अन्य लोग घर से काम कर रहे हैं तो फिर स्कूल क्यों खोल दिये। इस पर दिल्ली में 3 दिसंबर से अगले आदेश तक स्कूल बंद रखने के आदेश दिये थे। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि न्यायालयों या न्यायिक संस्थाओं से जब कभी लॉकडाउन लगाने या उन्हें आनन-फानन में ही प्रदूषण नियंत्रण की तात्कालिक योजना प्रस्तुत करने के निर्देश मिलने लगते हैं तो तत्काल आदेशों का पालन करने के क्रम में राज्यों की अपनी बनाई योजनाओं पर अमल नहीं हो पाता है। इससे प्रदूषण रोकने की योजनाओं में स्थायित्व नहीं आ पाता। दिल्ली में स्मॉग टॉवरों का आदेश भी सुप्रीम कोर्ट ने ही दिया था।

उच्चतम न्यायालय के कड़े आदेशों की नियति क्या रहती है इसका आभास सुप्रीम कोर्ट में 29 नवंबर, 2021 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व वाली पीठ ने दे दिया था। पीठ ने तब एनसीआर के राज्यों व पंजाब से कहा था कि अब तक जितने निर्देश हमने या वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेहतरी के लिए दिये हैं उन पर अमल शून्य के बराबर हुआ है। केवल एक आदेश जो हमने नहीं दिया है वह है आप पर आपराधिक कार्रवाई का। इसी प्रकार 2 दिसम्बर को नाराज पीठ ने कहा कि हमें दिल्ली सरकार को चलाने के लिए किसी को नियुक्त करना पड़ेगा। किसानों का पराली जलाना भी शुरू हो गया है। वर्ष 2015 में वायु प्रदूषण रोकने के उद्देश्य से पराली जलाना अपराध बना दिया गया था, किन्तु 2021 में इसे अपराध की श्रेणी से हटा दिया गया। इस बार पराली जलाने के मामले यदि अदालत में जायेंगे तो कोर्ट की सुनवाई क्या मोड़ लेगी इस पर सबकी नजर रहेगी। वर्ष 2021 में तो इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट पीठ की भी संवेदनशील छवि सामने आई थी। एक मामले में जब एसजी तुषार मेहता ने वायु प्रदूषण का पहला कारण पराली जलाना बताया तो पीठ का कहना था कि क्या किसानों की आर्थिक स्थिति ऐसी है कि वे सब्सिडी के बाद भी पराली निपटान के लिये सुझाई गई मशीन खरीद सकें? आज न तो सरकारें, न ही सामाजिक संगठन प्रदूषण पैदा होने वाली जगह जाकर प्रदूषण फैलाने वालों से सीधे टकराव लेना चाहते हैं।

जनता महज जनहित याचिकाओं को दायर करने तक सीमित हो गई है। एक राज्य दूसरे राज्य को प्रदूषण रोकने के लिए सीधे न कहकर उसे सुप्रीम कोर्ट से निर्देश दिलाना चाहता है। जनहित याचिकाओं व कुछ मामलों में न्यायाधीशों द्वारा प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं पर स्वत: संज्ञान लेने के कारण दिल्ली व एनसीआर में गंभीर वायु प्रदूषण समस्या से निपटना अब लगातार सरकारें बनाम सुप्रीम कोर्ट होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट प्रदूषण के मामलों पर जमीनी नतीजे चाहता है। सुप्रीम कोर्ट ने जब दिल्ली की गंभीर प्रदूषित वायु स्थितियों को देखते हुए नवंबर, 2021 को दिल्ली प्रशासन के निर्णय को पलट दिया था जो फिर से निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति देता था तो दिल्ली के बिल्डर संगठनों ने उससे निर्माण कार्यों पर लगी रोक पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था।

# किडनी की गंदगी साफ करेंगी ये सब्जियां

किडनी की बीमारी आगे चलकर खतरनाक बन सकती है। इसे दूर करने के लिए अपनी डाइट में ऐसी पांच सब्जियां शामिल करें, जो किडनी के कार्य को आराम से पूरा करने में मदद करे और आगे चलकर स्टोन न बनाए। किडनी की बीमारी के लिए ऐसे फूड अच्छे माने जाते हैं, जिनमें पोटैशियम की मात्रा कम हो। साथ ही जिनमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो मुक्त कणों को बेअसर करने में मदद करते हैं। किडनी की बीमारी वाले लोगों के लिए यहां 5 तरह की सब्जियां बताई जा रही हैं, जिन्हें खाने से स्टोन की समस्या में राहत मिलेगी।



## हरी पत्तेदार सब्जियां



हरी पत्तेदार सब्जियां, जैसे कि पालक या केल, विटामिन और खनिजों से भरपूर होती हैं। यह किडनी को हेल्दी रखने का कार्य बढ़ाती हैं। इन सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो किडनी को रक्त छानने के काम को आसान बनाने में मदद करती हैं। सबसे पहला और सबसे जरूरी पालक के फायदे है कि यह पौष्टिक आहार से भरपूर है। पालक देखने में बेहद सिंपल लगती हैं लेकिन यह कई सारे आहार से भरपूर है जो आप बिल्कुल भी नहीं छोड़ना नहीं चाहेंगे। 100 ग्राम पालक की पत्तियों से 91 प्रतिशत पानी, 3.6 ग्राम कॉबोहाइड्रेट, 2.9 ग्राम प्रोटीन और 2.2 ग्राम फाइबर प्राप्त होता है। थोड़ी मात्रा में शुगर और फैट भी मिलता है। जो विटामिन और मिनरल्स पालक से मिलते हैं वो इस प्रकार हैं- विटामिन ए, सी, के1, बी6 और बी9, कैल्शियम, आयरन, फोलिक एसिड, पोटेशियम और मैग्नीशियम। पालक एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है जो पूरे शरीर की सेहत और अहम अंगों को सही से काम करने में मदद करते हैं। पालक के फायदे इन एंटीऑक्सीडेंट की कारण बढ़ जाते हैं।

## फूलगोभी



फूलगोभी विटामिन सी से भरी हुई होती है और फोलेट और फाइबर का अच्छा स्रोत है। इसमें ऐसे यौगिक होते हैं, जो लीवर में मौजूद गंदे पदार्थों को बेअसर करने में मदद करते हैं। हृदय के लिए फूलगोभी का सेवन काफी लाभकारी साबित होता है। क्योंकि फूलगोभी एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो हृदय को स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं, साथ ही फूलगोभी का सेवन करने से हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम कम होता है। फूलगोभी का सेवन हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि फूलगोभी विटामिन के से भरपूर होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। साथ ही फूलगोभी का सेवन फ्रैक्चर के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो आपको फूलगोभी का सेवन करना चाहिए। क्योंकि फूलगोभी में उच्च मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो वजन को कम करने में मददगार साबित होता है।

## प्याज



प्याज के अंदर फ्लेवोनोइड्स और क्वेरसेटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो किडनी को स्वस्थ रखता है। साथ ही इनमें पोटेशियम भी कम होता है, जो किडनी के लिए अच्छा माना जाता है। कच्चा प्याज पाचन के लिए बेहद फायदेमंद है। इसे सलाद के रूप में खाने से डाइजेशन सही रहता है। कच्चे प्याज का सेवन ब्लड शुगर के लिए बहुत लाभकारी है। यह ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखता है। शुगर के मरीजों को नियमित कच्चे प्याज का सेवन करना चाहिए। कच्चे प्याज के सेवन से हार्ट हेल्दी रहता है। इससे हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। हार्ट के मरीजों को रोजाना प्याज का सेवन करना चाहिए इससे दिल की सेहत मजबूत होती है।

## पत्तागोभी



विटामिन के, विटामिन सी और फाइबर से भरपूर पत्तागोभी विटामिन बी6 और फोलिक एसिड का भी अच्छा स्रोत है। इसमें पोटेशियम कम होता है। यदि आप डायलिसिस की डाइट में इसे शामिल करेंगे तो आपको फायदा मिलेगा। पत्ता गोभी कैंसर जैसी बीमारियों से भी छुटकारा मिल जाता है। क्योंकि उन्हें कैंसर जैसी बीमारियां होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। पत्ता गोभी के अंदर सिनिग्रिन, इन्डोल और कार्बिनोल पाया जाता है। इन्हीं कारणों की वजह से जो लोग पत्ता गोभी की सब्जी खाते हैं वह कैंसर जैसी बीमारियों से बच जाते है।

## लाल शिमला मिर्च



लाल शिमला मिर्च कई विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर का अच्छा स्रोत है। इनमें पोटेशियम, फॉस्फोरस और सोडियम की मात्रा कम होती है, इसलिए किडनी की बीमारी हो गई है तो इसे अभी से खाना शुरू कर दें। दिन में 1/2 कप खाएं। शिमला मिर्च में विटमिन सी, विटमिन ए, विटमिन के, फाइबर और बीटा-कैरोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

---



## हंसना मना है

हर आदमी का सपना-7 अंकों में सॅलरी, 6 अंको में बचत, 5 बेडरूम वाला घर, 4 पहियों की गाड़ी, 3 हप्ते की छुट्टियां, 2 प्यारे बच्चे, 1 गूंगी बीवी।

मुर्गी- एक अंडा देना, शॉपकीपर- अंडा तो तुम देती हो, मुर्गी- हा पर मेरे पती ने कहा है, की 4 रु के लिए क्यों अपना, फिगर खराब कर रही हो!

जब घर में बच्चा पैदा होता है, मां- इसकी नाक तो मुझ पर गयी है, बाप-आंखे मुझ पर गयी है, चाचा- बाल मुझ पर गए है, मां- इसकी स्माइल मुझ पर गयी है, और वही बच्चा जवान होकर जब लड़की छेड़ता है, तो सब बोलते है, पता नहीं हरामखोर किस पर गया है।

पापा- नालायक इतनी रात को कहां से आ रहा है? भोलू- अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने गया था। पापा- किस लिए? भोलू- हां पापा, 7-8 तो किस ले ही लिए।

ससुर ने दामाद से कहा- 6 साल में 8 बच्चे.. ये क्या है? दामाद-मैने आपसे कहा था गरीब जरूर हुं, पर आपकी बेटी को कभी खाली पेट नही रखूंगा!

टीचर- बताओ सबसे नशीला पदार्थ कौनसा होता है? पप्पु - किताब है सर, साला खोलते ही नींद आ जाती है।

## कहानी | साधु की सीख

किसी गांव मे एक साधु रहा करता था, वो जब भी नाचता तो बारिस होती थी। अत: गांव के लोगों को जब भी बारिस की जरूरत होती थी, तो वे लोग साधु के पास जाते और उनसे अनुरोध करते की वे नाचे और जब वो नाचने लगता तो बारिस जरूर होती। कुछ दिनों बाद चार लड़के शहर से गांव में घूमने आये, जब उन्हें यह बात मालूम हुई की किसी साधू के नाचने से बारिस होती है तो उन्हें यकीन नहीं हुआ। शहरी पढ़ाई लिखाई के घमंड में उन्होंने गांव वालों को चुनौती दे दी कि हम भी नाचेंगे तो बारिस होगी और अगर हमारे नाचने से नहीं हुई तो उस साधु के नाचने से भी नहीं होगी। फिर क्या था अगले दिन सुबह-सुबह ही गांव वाले उन लड़कों को लेकर साधु की कुटिया पर पहुंचे। साधु को सारी बात बताई गयी , फिर लड़कों ने नाचना शुरू किया, आधे घंटे बीते और पहला लड़का थक कर बैठ गया पर बादल नहीं दिखे , कुछ देर में दूसरे ने भी यही किया और एक घंटा बीतते-बीतते बाकी दोनों लड़के भी थक कर बैठ गए, पर बारिश नहीं हुई। अब साधु की बारी थी, उसने नाचना शुरू किया, एक घंटा बीता, बारिश नहीं हुई, साधु नाचता रहा दो घंटा बीता बारिश नहीं हुई। पर साधु तो रुकने का नाम ही नहीं ले रहा था ,धीरे-धीरे शाम ढलने लगी कि तभी बादलों की गड़गडाहत सुनाई दी और ज़ोरों की बारिश होने लगी। लड़के दंग रह गए और तुरंत साधु से क्षमा मांगी और पूछा- बाबा भला ऐसा क्यों हुआ कि हमारे नाचने से बारिस नहीं हुई और आपके नाचने से हो गयी? साधु ने उत्तर दिया-जब मैं नाचता हूं तो दो बातों का ध्यान रखता हूं , पहली बात मैं ये सोचता हूं कि अगर मैं नाचूंगा तो बारिस को होना ही पड़ेगा और दूसरी ये कि मैं तब तक नाचूंगा जब तक कि बारिस न हो जाये। Friends सफलता पाने वालों में यही गुण विद्यमान होता है वो जिस चीज को करते हैं उसमे उन्हें सफल होने का पूरा यकीन होता है और वे तब तक उस चीज को करते हैं जब तक कि उसमे सफल ना हो जाएं। इसलिए यदि हमें सफलता हांसिल करनी है तो उस साधु की तरह ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करना होगा।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

### मेष



आज आप क्रोध पर नियंत्रण रखें। किसी प्रकार की दुविधा आपको सता सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बदहजमी की शिकायत हो सकती है।

### तुला



आज आप अपने चारों तरफ के लोगों के बर्ताव के चलते खीज महसूस करेंगे। किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग आपको मिलेगा। कारोबारियों को धन लाभ होगा।

### वृषभ



आज आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, जिसके कारण आप चिड़चिड़ा सा महसूस करेंगे, लेकिन ऐसे समय में भी आपको ध्यान रखना होगा।

### वृश्चिक



आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहेगा। आज आप अपनी शान शौकत की चीजों की खरीदारी पर भी कुछ धन व्यय करेंगे।

### मिथुन



आज व्यापार सामान्य लाभ देगा। आज आपके पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। करियर को लेकर आज आप सोच विचार में रहेंगे। आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

### धनु



आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज मित्रों से मेल-जोल बढ़ेगा। संतान आपकी बातों से प्रभावित होंगे। आज आपका संपर्क किसी उच्च अधिकारी से होगा।

### कर्क



आज आप अपने दोस्तों के साथ खूब नाचने-गाने में व्यस्त रहेंगे। आपके दोस्त आज आपके घर भी आ सकते हैं उनका दिल से स्वागत करें। माता से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

### मकर



आज खर्चे कुछ बढ़ सकते हैं। अगर आप व्यापार करते हैं तो आज का दिन आपके लिए काफी भागदौड़ भरा रहेगा। आप अपने पार्टनर के प्यार और भरोसे का फायदा न उठाएं।

### सिंह



आज का दिन आपको किसी बहुमूल्य संपत्ति की प्राप्ति करवा सकता है, जिसके कारण आपके परिवार के सदस्यों में भी प्रसन्नता रहेगी।

### कुम्भ



आज का दिन आप भविष्य की नवीन योजनाओं को बनाने में व्यतीत करेंगे, जिसमें आपको अपने पिताजी व जीवनसाथी के सलाह व सहयोग की आवश्यकता होगी।

### कन्या




आज उच्च अधिकारी से अच्छे रिश्ते बनाये रखने का प्रयास फलदायक होगा। आज आपको किसी मित्र से सहयोग मिलेगा। करियर में तरक्की के योग बने हुए है।

### मीन



आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। कार्य को पूरा करने में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लाभदायक सिद्ध होगी।

# प्रभास के सिर सजने वाला है सेहरा!



साउथ फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास अपनी फिल्मों के लेकर तो अक्सर ही सुर्खियों में बने रहते हैं। इसके अलावा एक्टर की पर्सनल जिंदगी भी काफी चर्चा का विषय बनी रहती है। प्रभास का नाम कई अदाकाराओं के साथ भी जुड़ चुका है। लंबे समय तक उनका नाम को-एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी के साथ जोड़ा गया। इसके बाद हाल ही में कृति सेनन के साथ भी प्रभास का नाम जुड़ा। हालांकि, आधिकारिक मुहर किसी के नाम पर नहीं लग पाई। इस बार प्रभास की शादी को लेकर फिर खबरें आने लगी हैं। हाल ही में आई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रभास की आंटी का कहना है, दुर्गा मां के आशीर्वाद से जल्द ही प्रभास की शादी होगी। हम आप सभी (मीडिया) को शादी में जरूर बुलाएंगे। बताया जा रहा है कि प्रभास की शादी के लिए लोकेशन भी सेलेक्ट की जा चुकी है। हालाकि, प्रभास की दुल्हनिया कौन होने वाल है इसे लेकर फिलहाल कोई जानकारी उनकी आंटी ने नहीं दी है। बता दें कि कुछ समय पहले आदिपुरुष की रिलीज के दौरान प्रभास और कृति सेनन के रिलेशनशिप की खबरें सामने आई थीं। कहा जा रहा था कि दोनों इस साल के अंत तक शादी के बंधन में भी बंध सकते हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की। उस समय एक्टर से जब उनकी शादी पर सवाल किए गए तो उन्होंने कहा था कि वह तिरुपति में शादी करेंगे। दूसरी ओर प्रभास के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस समय उनके पास कई प्रोजेक्ट्स कतार में हैं। जल्द ही एक्टर सलार-पार्ट 1 में नजर आने वाली हैं। इसके बाद एक्टर कल्कि 2898 एडी, राजा डिलक्स और स्प्राइट जैसी फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं।

# गुड न्यूज देने वाली हैं कैटरीन कैफ



कैटरीना कैफ इन दिनों होनी अपकमिंग फिल्म टाइगर 3 की रिलीज की प्रमोशन में बिजी है। इस फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में कटरीना जमकर एक्शन सीन करती दिखाई दी हैं। वहीं, इस बीच एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। कटरीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर कई लोग दावा कर रहे हैं कि विक्की कौशल और कटरीना जल्द ही गुडन्यूज देने वाले हैं। दरअसल केटरीना कैफ एक ब्रांड प्रमोशन के लिए हैदराबाद पहुंची थीं, जहां उनके लुक्स को देखकर फैंस बेहद खुश हुए। पिंक सलवार सूट में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही थीं। हालांकि कुछ सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि वह प्रेग्नेंट हैं और इसलिए वह अपने पेट को दुपट्टे से ढकने की कोशिश कर रही थीं। नेटिजन्स का मानना है कि कैटरीना अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाह के कारण सुर्खियों से छुप रही हैं। वीडियो में देखने को मिल रहा है कि एक्ट्रेस ने पूरे इवेंट के दौरान अपने दुपट्टे से अपने पेट को ढक रखा था। उनके पेट ढकने को कई लोगों ने नोटिस किया और गेस करना शुरु कर दिया की शायद एक्ट्रेस अपने प्रेगनेंसी को फैंस से छिपाने की कोशिश कर रहीं थीं। कई लोग तो कह रहे हैं कि एक्ट्रेस जल्द ही अपनी प्रेगनेंसी की खबर शेयर करने वाली हैं।

बॉलीवुड | मन की बात

# यारियां-2 के बाद मेरे लिए और मौके खुलेंगे : दिव्या खोसला



दिव्या खोसला इन दिनों फिल्म यारियां 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस बार यारियां 2 की कहानी लव स्टोरी से हटकर भाई-बहन और उनके रिश्तों पर सेंट्रिक है। ट्रेलर के बाद से ही फिल्म की चर्चा है, खासकर दिव्या का लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है. अपनी इस फिल्म, किरदार, मदरहुड और जर्नी पर दिव्या हमसे दिल खोलकर बातचीत करती हैं। कजिन की यारियों पर बेस्ड इस फिल्म को दिव्या अपने भाई-बहनों को डेडिकेट करना चाहती हैं। दिव्या बताती हैं, मैं अपने परिवार में वैसी कजिन या बहन रही हूं, जो पढ़ने में अच्छी है, अपने मम्मी-पापा की बातों को मानने वाली, परफेक्ट बेटी रही हूं। इस वजह से कई मुझसे थोड़ा डरा भी करते थे। हमारा यह प्रयास है कि हम अपनी इस फिल्म से एक अलग मेसेज दे सकें। आप ही देखें न, वर्ना यारियां मतलब ही दोस्तों वाली फ्रेंडशिप या प्यार तक ही रिलेशनशिप को एक्सप्लोर किया गया है। जब मैंने 2004 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट किया था, तो मेरे पैरेंट्स मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थे। उन्हें लागातार टेंशन होती थी कि मैं कैसे मैनेज कर पाऊंगी। हालांकि मुझे बड़ा मजा आता था कि अब सबकुछ खुद से कर रही हूं. याद है उस ऑडिशन के लिए लोकल ट्रेन से ट्रैवल करना, पोर्टफोलियो लेकर ऑडिशन के लिए जाना, उन दिनों मैं पीजी में रहती थी। स्ट्रगल के दौरान कितने पीजी बदले हैं। हालांकि एक्टिंग को लेकर मेरा स्ट्रगल आज भी बरकरार है। आज भी मुझे जितने प्रोजेक्ट्स ऑफर मिलते हैं, उन्हीं में से सिलेक्ट करती हूं। फैंस अक्सर कंप्लेन किया करते हैं कि मैं बहुत कम काम करती हूं। मैं लोगों को बताना चाहती हूं कि ये मेरी चॉइस नहीं है, मुझे ऑफर ही बहुत कम प्रोजेक्ट्स होते हैं। इतने सालों में बहुत कम फिल्में ही की हैं, मैं चाहती हूं कि मुझे ज्यादा से ज्यादा मौका मिले। यही उम्मीद है कि यारियां 2 के बाद मेरे लिए और मौके खुलें।

# दो लाख रुपये मिलेगी सैलरी और रहने को घर, फिर भी नहीं मिले रहे नौकर



दुनिया के कई देश ऐसे हैं, जहां पर बढ़ती बेरोजगारी से लोग परेशान हैं। नौकरी के लिए लोग इधर-उधर भटक कर रहे हैं, लेकिन कुछ ऐसी जगहें हैं, जहां पर लोग कर्मचारी के लिए तरस रहे हैं। उन्हें काम करने वाले लोग नहीं मिल रहे हैं। खूबसूरत जगह और अच्छी सैलरी होने के बाद भी लोग नौकरी नहीं करना चाहते हैं। हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने वाले हैं। यह स्थान देखने और रहने के लिए बेहद खूबसूरत है। यहां पर नौकरी करने वालों को बिल्कुल जन्नत जैसी सुंदर जगह पर रहने के लिए एक घर मिलेगा। शहरी भीड़-भाड़ और प्रदूषण से भी छुटकारा मिलेगा। सबसे खास बात यह है कि सैलरी भी अच्छी होगी। दिलचस्प यह है कि इस नौकरी के लिए किसी खास डिग्री की भी आवश्यकता नहीं है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नौकरी यूनाइटेड किंगडम (यूके) के एक सुदूर द्वीप में निकली है। यहां पर बेहद कम लोग रहते हैं। स्कॉटलैंड के शेटलैंड मेनलैंड से 24 मील दूर Fair Isle नाम का आइलैंड स्थित है, जहां पर सिर्फ 60 लोग रहते हैं। यहां लोग खेती और मछली पकड़कर अपना जीवन यापन करते हैं। लगभग 6000 साल से यहां इसी तरह की आबादी है। 14वीं सदी में यह जगह नार्वे के पास था, लेकिन वर्तमान समय में स्कॉटलैंड का हिस्सा है। इस द्वीप में MV Good Shepherd नाम की फेरी पर एक डेकहैंड की नौकरी दी जा रही है। अगर आप इस नौकरी के लिए पास हो जाते हैं, तो इतनी सुविधाएं मिलेंगी कि जीवन बन जाएगा। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि नौकरी के लिए चयनित उम्मीदवार को हफ्ते में सिर्फ 31.5 घंटे काम करना होगा। साल भर में £24,539 यानि भारतीय मुद्रा में करीब 24,87,230 रुपये सैलरी मिलेगी। इसमें स्कॉटिश सरकार की तरह से हर साल दिए जाने 1,29,697 का Distant Islands Allowance भी शामिल रहेगा। कर्मचारी को परिवार के साथ रहने के लिए सुंदर घर भी मिलेगा।

अजब-गजब | इस जंक्शन को बनाने में खर्च हुए थे 500 करोड़

# ब्रिटेन में स्थित है भूतिया जंक्शन



दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जिन्हें भूतिया कहा जाता है। ब्रिटेन में भी एक ऐसी जगह है। यह स्थान एक घुमावदार मोटरवे है जिसका नाम एम49 है। इस मोटरवे को घोस्ट जंक्शन यानी भूतिया जंक्शन नाम के से भी जाना जाता है। इसको बनाने में 500 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हुए थे, लेकिन सबसे हैरानी वाली बात यह है कि आज तक इसका इस्तेमाल नहीं किया गया है। यह सड़क अभी तक चालू नहीं की गई है। नेशनल हाईवेज ने एम49 जंक्शन का 2019 के आखिरी में इसका निर्माण पूरा किया था, जो ग्लॉस्टरशायर में एवनमाउथ के पास है।

ब्रिस्टल के पास सेवर्न बीच और चिटरिंग के बीच यह बना है, लेकिन निर्माण पूरा होने के 3 साल बाद भी इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सका है। अभी इस हाइवे में एक लिंक रोड और एक्सेस रूट मार्ग को जोड़ना है। इसकी कमी की वजह से ड्राइवरों को सेवर्नसाइड इंडस्ट्रियल एस्टेट, अमेजन गोदामों, टेस्को और लिडल तक पहुंचने में परेशानी होगी। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भूतिया जंक्शन को चालू करने के लिए बात चल रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ ग्लॉस्टरशायर काउंसिल ने बताया है कि सड़क को चालू करने की योजना का आवेदन पेश किया गया है। इससे समस्या खत्म हो जाएगी। इस योजना का मकसद मोटरवे राउंडअबाउट को स्थानीय बिजनेस पार्क की तरफ जाने वाली सड़कों से जोड़ने के लिए परिवहन विभाग से फंड लेना है।

घोस्ट जंक्शन नाम की वजह से ज्यादातर लोग सोचते हैं कि कुछ भूतिया होने की वजह से कभी भी सड़क चालू नहीं हो पाएगी, लेकिन ऐसा नहीं है। बता दें कि दो से ज्यादा सड़कों के मिलने वाली जगह को जंक्शन कहा जाता है। तीन साल पहले बनकर तैयार होने के बाद भी वीरान पड़े होने की वजह से इसे घोस्ट जंक्शन यानी भूतिया जंक्शन कहा जाने लगा। माना जाता है कि इस रूट के शुरू हो जाने से भीड़भाड़ कम होगी। साइकिल मार्ग मजबूत होंगे और इससे सेवर्नसाइड इंडस्ट्रियल एस्टेट तक सीधी पहुंच हो जाएगी।

साउथ ग्लॉस्टरशायर काउंसिल के एक प्रवक्ता का कहना है कि एप्लीकेशन के स्वीकार होने का अभी इंतजार किया जा रहा है, लेकिन माना जाता है कि कंस्ट्रक्शन अगले साल शुरू किया जा सकता है। अधिकारियों का अनुमान है कि योजना के शुरू होने के बाद एक साल के अंदर काम पूरा हो जाएगा। हालांकि उनका कहना है कि अभी यह परियोजना बहुत मुश्किल है। वर्तमान में निर्माण की अगले साल शुरुआत होनी है, लेकिन यह योजना प्रक्रिया और निजी स्वामित्व वाली भूमि को सुरक्षित रखने पर निर्भर करती है। जब तक परिषद को जिस लेन की जरूरत है, वह नहीं मिल जाती है, तब तक सब कुछ अधूरा रहेगा। यह अब तक एक समस्या है। इसमें जमीन द्वारा मालिक को लेकर कई समस्या देखने को मिली हैं। अधिकारियों का अनुमान है कि साल 2025 तक यह सड़क पूरी तरह शुरू हो सकती है।

# दिग्विजय सिंह रामलला के दर्शन करें तो बुढ़ापा सुधर जाएगा : कैलाश विजयवर्गीय

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

इंदौर। इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक से भाजपा के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस खासकर दिग्विजय सिंह पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी इस देश के प्रधानमंत्री नहीं होते तो अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनता। हम कहते थे कि कसम राम की खाते हैं हम मंदिर वहीं बनाएंगे, तो दिग्विजय सिंह बोलते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। दिग्विजय सिंह जी अयोध्या में भव्य राम मंदिर तैयार हो रहा है और जनवरी में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा है। दिग्विजय सिंह को उनकी आंटी सोनिया गांधी और परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने जाना चाहिए। रामजी करुणानिधान हैं। उनकी जो शरण में चले जाता है, उसे रामजी माफ कर देते हैं।



विजयवर्गीय ने कहा कि सिंह ने जवानी में जो भी भूल की हो, लेकिन अब रामलला के दर्शन कर उन्हें बुढ़ापा सुधार लेना चाहिए। सिंह का यह जीवन तो जैसा भी निकल गया, रामजी के दर्शन से अगला जीवन धन्य हो जाएगा। विजयवर्गीय ने कहा कि रामचरित मानस हमारे समाज को मार्गदर्शन देती है। वह मर्यादा का पाठ पढ़ाती है, लेकिन कांग्रेस के नेता कपिल सिब्बल ने कोर्ट में कहा था कि राम एक काल्पनिक व्यक्ति है और रामचरितमानस उपन्यास है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ के कुर्ते फाड़ने वाले बयान पर विजयवर्गीय ने कहा कि यह बात बोलकर नाथ ने बताया कि कांग्रेस में उनकी क्या स्थिति है। कमलनाथ प्रदेश में कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं को कपड़े दिग्विजय सिंह के फाड़ने के लिए बोल रहे हैं। नाथ गैरजवाबदार नेता हैं।

## जनप्रतिनिधियों की नहीं चलती, इसलिए नींबू काटकर निगम चला रहे : सपरा

इंदौर में निगमायुक्त की कार के आगे नींबू काटे जाने के मुद्दे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सपरा ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि शहर में भाजपा के जनप्रतिनिधियों की नहीं चलती। 20 सालों में शहर में भाजपा शासित नगर निगम ने सत्यानाश कर दिया। ब्यूरोक्रेसी हावी होने से जनप्रतिनिधि सिर्फ कठपुतली बनकर कार्यकाल पूरा कर रहे है, इसलिए नींबू काटकर निगम को चलाने का प्रयास किया जा रहा है। सपरा ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों में शहर के प्रति कोई विजन नहीं है। नगर निगम में सिर्फ 50 प्रतिशत कमीशन का काम चलता है। इस वजह से कई प्रोजेक्ट फ्लॉप साबित हुए। नाला टैपिंग प्रोजक्ट में एक हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके है, लेकिन अभी तक नदियां शुद्ध नहीं हो पाई। नर्मदा तृतीय चरण के बावजूद शहर में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। नलों में दूषित पानी आ रहा है। 500 करोड़ की टंकियां बना दी गई, लेकिन वह खाली रहती है। अब अमृत प्रोजेक्ट में फिर पानी के लिए नगर निगम पैसा बहाने की तैयारी कर रहा है। यह भाजपा परिषद की नाकामी की तरफ इशारा करता है।कांग्रेस की सरकार बनने पर हम इन प्रोजेक्टों की जांच करेंगे।



## इंदौर में बीजेपी को नहीं मिल रहे प्रत्याशी नहीं चलेगा सनातन का मुद्दा : पिंटू जोशी

इंदौर। कांग्रेस ने इंदौर की विधानसभा तीन सीट से भी उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे महेश जोशी के पुत्र पिंटू जोशी को यहां से टिकट दिया गया है। पिंटू ने कहा कि यहां पर सनातन धर्म जैसे मुद्दे नहीं चलेंगे। जनता विकास और व्यवहार पर मुझे चुनाव जिताएगी। यहां पर बीजेपी को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। क्षेत्र तीन शहर का सबसे प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र है। व्यापारियों की परेशानियों को हल करना मेरी प्राथमिकता में रहेगा। इसमें टैक्स की नीतियों में सरलीकरण, अपराधमुक्त और भयमुक्त व्यापारिक माहौल बनाना मेरा पहला काम होगा। इसके बाद ट्रैफिक में सुधार, सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने का काम करूंगा। अभी सरकार का फोकस तोड़फोड़ कर निर्माण करने पर रहता है। मैं बिना किसी तोड़फोड़ के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करूंगा। मुंबई और दिल्ली में इसी शैली में काम हुआ है। पुरानी बस्तियों में अपग्रेडेशन की जरूरत है। घर-घर तक पाइप लाइन डालना, ड्रेनेज लाइन पहुंचाना मेरा काम होगा। महिला सुरक्षा में मप्र बहुत कमजोर है। महिला अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। इस पर लगाम कसेंगे और शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक रोडमैप बनाकर काम करेंगे। जनता को बुनियादी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए हर स्तर पर काम करेंगे। इंदौर एक ऐसा शहर है जहां पर होमी दाजी को भी लोगों ने चुनाव जिताया है। वे पारसी थे और उनके समाज के तो यहां पर सौ वोट भी नहीं थे। यहां पर सनातन और जाति, धर्म के मुद्दे नहीं चलेंगे। जनता विकास और व्यवहार के आधार पर मुझे जिताएगी।



# नरही में लगा होम्योपैथी मेडिकल कैम्प मरीजों को बांटी गई नि :शुल्क दवाएं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। इंसान भले ही किसी भी प्रकार की बीमारी से त्वरित आराम के लिए चिकित्सा व्यवस्था में एलोपैथ पद्धति से इलाज करवाता है लेकिन बात करें अगर आयुष पद्धति से इलाज की, तो उसका भी कोई तोड़ नहीं, इस पद्धति में आराम तो थोड़ा देर से मिलता है, लेकिन इससे आपको हो रही समस्या का समाधान भी पूरी तरह से मिलेगा, जिससे दोबारा आपको उस मर्ज की दवा के लिए चिकित्सक के पास नहीं जाना पड़ेगा, ऐसा मानना है लखनऊ के सुप्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ.पीयूष शुक्ला का।

डॉक्टर पीयूष शुक्ला के बारे में उनके मुताबिक अगर बात की जाए तो वो जन्म से ही होम्योपैथी पद्धति इसलिए इस्तेमाल करते हैं क्योंकि उनके पिताजी शिवकुमार शुक्ला बीते 50 वर्षों से होम्योपैथी पद्धति से ही लखनऊ के लालकुआं में अपनी क्लीनिक में लोगों का इलाज करते हैं। डॉक्टर पीयूष शुक्ला बीते 15 सालों से हजरतगंज के लालबाग में शर्मा चाय के सामने आनंद होम्यो केयर के नाम से स्थापित हो गए हैं, और होम्योपैथी पद्धति से इलाज करवाने वाले लोगों के बीच आपकी अलग ही छाप छोड़ी है।




### 12 वर्षों से लग रहा है कैम्प

डॉक्टर पीयूष शुक्ला द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित नरही बाजार में मौजूद बालेश्वर नाथ मंदिर के कैंपस में आनंद होम्यो केयर के बैनर तले बीते 12 सालों से फ्री होम्योपैथी मेडिकल कैम्प लगाया जाता है। कैम्प में आए मरीजों को आनंद होम्यो केयर के डॉक्टर्स की टीम की तरफ से न सिर्फ निःशुल्क परामर्श दिया जाता है बल्कि निःशुल्क दवा का वितरण भी किया जाता है।

# पंजाब में राज्यपाल व सीएम मान में रार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा का दो दिवसीय सत्र शुक्रवार को शुरू होगा। इस दौरान सदन में हंगामे के पूरे आसार हैं। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने तीन वित्त विधेयकों को सदन में पेश करने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया है।

गुरुवार को राज्यपाल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को भेजे पत्र में कहा है कि यह सत्र राजभवन की बिना अनुमति बुलाया जा रहा है। ऐसे में तीन वित्त विधेयकों को पेश करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को चेतावनी देते हुए कहा कि इसके बावजूद अवैध विधानसभा सत्र बुलाया गया तो वह इसकी रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजेंगे और उचित कार्रवाई पर विचार करने के लिए मजबूर होंगे। उधर, विपक्ष ने भी एसवाईएल, बढ़ते कर्ज और कानून-व्यवस्था पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई ईडी को फटकार

## शक्तियां नियंत्रित हैं, अपनी मर्जी से किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 19 के तहत किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति अनियंत्रित नहीं है। ईडी अपनी इच्छानुसार किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता।

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने से पहले एजेंसी को तीन गुना आवश्यकताओं का पालन करना होगा। सबसे पहले निदेशक को उचित विश्वास रखना चाहिए कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति पीएमएलए के तहत अपराध का दोषी है, न कि किसी अन्य अधिनियम के तहत। दूसरा, ऐसे विश्वास के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाना चाहिए। तीसरा, ऐसा विश्वास उस सामग्री पर आधारित होना चाहिए, जो निदेशक के पास है।



प्रासंगिक रूप से कोर्ट ने यह भी कहा कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत समन जारी करने की ईडी की शक्तियों में गिरफ्तारी की शक्तियां शामिल नहीं हैं। न्यायमूर्ति भंभानी ने कहा कि ईडी की गिरफ्तारी की आशंका वाला व्यक्ति अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है, भले ही उसे प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) या अभियोजन शिकायत में आरोपी के रूप में नामित नहीं किया गया हो। कोर्ट आशीष मित्तल नामक व्यक्ति की ओर से एडुकॉम्प मामले में ईसीआईआर को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

# कोहली के कमाल से बांग्ला टीम चारों खाने चित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पुणे। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 17वें मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से चारों खाने चित कर दिया। इस टूर्नामेंट में ये भारतीय टीम की लगातार चौथी जीत है। इसके साथ ही अंक तालिका में भारत दूसरे स्थान पर है।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 256 रन बनाए जिसके जवाब में भारत ने विराट कोहली की शानदार शतकीय पारी के दम पर तीन विकेट के नुकसान पर 41.3 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। वहीं विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन ने दो और हसन महमूद ने एक विकेट झटका। वहीं बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 66 रन लिटन दास ने बनाए। वहीं, तंजिद हसन ने 51 रन की पारी खेली। अंत में महमूदुल्लाह ने 46 रन की पारी खेलकर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। जबकि मुश्फिकुर रहीम ने 38 रन का योगदान दिया। दूसरी ओर भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट झटके। जबकि शार्दुल ठाकुर और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। इस दौरान 9वें ओवर के दौरान हार्दिक पांड्या चोटिल हो गए। वहीं अब 22 अक्टूबर को भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से धर्मशाला में होगा। गौरतलब है कि, न्यूजीलैंड प्वॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर है।

**विश्व कप: भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से रौंदा**



### विराट ने लगाया 48वां शतक

इसके साथ ही विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में अपना 48वां शतक भी पूरा किया। उन्होंने नाबाद 103 रन बनाए। वहीं शुबमन गिल ने 53 और रोहित शर्मा ने 48 रन की अहम पारी खेली। इसके अलावा केएल राहुल नाबाद 34 रन बनाए।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से बाहर हो सकते हैं हार्दिक पांड्या

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में 22 अक्टूबर को होने वाले भारत के अगले मैच से बाहर हो सकते हैं। हार्दिक को बंगलूरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ले जाया जाएगा जहां इंग्लैंड के विशेषज्ञ डॉक्टर उनका इलाज करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें इंजेक्शन दिए जाएंगे। 29 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले हार्दिक के लखनऊ में भारतीय टीम से जुड़ने की उम्मीद है। भारतीय टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।




# हाईकोर्ट की फटकार के बाद एलडीए सरस्वती अपार्टमेंट में स्वीमिंग पूल बनाने को हुआ तैयार

- वादा करके भी पूरा नहीं कर रहा था एलडीए
- अपने ब्रोशर में स्वीमिंग पूल का किया था वादा
- सचिव शेखर सिंह ने दायर की हाईकोर्ट में रिट
- हाईकोर्ट के तेवर से एलडीए घबराया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




लखनऊ। लखनऊ के विकास की जिम्मेदारी संभालने वाला विभाग लखनऊ विकास प्राधिकरण के गैर जिम्मेदाराना रवैये पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई। दरअसल मामला प्राधिकरण के सबसे लोकप्रिय योजना गोमीनगर विस्तार सेक्टर-4 के सरस्वती अपार्टमेंट का है। इस योजना का जब विज्ञापन निकाला गया तो उसके ब्रोशर में यहां पर उपभोक्ताओं से स्वीमिंग पूल देने का वादा किया गया था। पर योजना के बने हुए अब लगभग दस साल हो गए हैं यहां पर सैकड़ों लोग रहने लगें हैं पर एलडीए का स्वीमिंग पूल अब भी कागजों में ही तैर रहा है।

स्वीमिंग पूल के वादे को एलडीए के अधिकारियों को याद दिलाने की कई बार कोशिश की गई पर उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। आखिर में थकहार आपर्टमेंट के सचिव शेखर सिंह ने हाईकोर्ट में एक रिट दायर की थी। उस याचिका पर अदालत का फैसला आया है। अदालत ने एलडीए के अधिकारियों को आदेश दिया है वह स्वीमिंग पूल का निमार्ण तुरंत करवाए और अदालत को अवगत कराए। उधर आदेश के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के हाथ-पावं फूल गए है। उसने कोर्ट से कहा कि वह जल्द स्वीमिंग पूल के निर्माण की कार्रवाई शुरू करेगा।

## जमीन को नीलाम करने की थी योजना

एलडीए ने 2009 में सरस्वती अपार्टमेंट की पुस्तिका में इस योजना में लगभग 25 हजार वर्ग फुट में स्वीमिंग पूल बनाने की बात कर थी। बाद में उसे रद कर दिया था और उस जमीन को नीलाम करने की योजना बना ली थी। इस मुद्दे को यहां के अवांटियों ने हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच में रिट के माध्यम से उठाया था। उसी मामले में जस्टिस विवेक चौधरी व जस्टिस मनीश कुमार ने याचिका को निस्तारित करते हुए नीलामी को समाप्त करके वहां पर स्वीमिंग पूल बनाने के आदेश दिए है। सचिव शेखर सिंह ने बताया कि एलडीए ने इस योजना में स्वीमिंग पूल व क्लब हाउस बनाने के लिए कहा था। प्राधिकरण ने वहां कुछ नही बनाया। धीरे-धीरे तय जमीन पर झुग्गी बस्तियां बसने लगी जिसकी शिकायत एलडीए के अधिकरियों को दी गई उसके बाद अवैध कब्जे हटाए गए। फिर कुछ दिन बाद एक कंपनी ने कबाड़ जमा करना शुरू कर दिया बाद में एलडीए ने पैमाइश करवाकर इसे ग्रुप हाउसिंग की जमीन बताकर उसकी नीलामी करवाने की तैयारी शुरू कर दी । यह नीलामी 25 अक्टूबर को होनी थी।

# दिल्ली हाईकोर्ट को दो नए अतिरिक्त न्यायाधीश मिले

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




**सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश**

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इस महीने की शुरुआत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति करने के लिए उनके नामों की सिफारिश की थी। दिल्ली उच्च न्यायालय के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों ने शुक्रवार को पद की शपथ ली। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 44 हो गयी है।


मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने न्यायमूर्ति शलिंदर कौर और न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश की अदालत में उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और शपथ लेने वाले न्यायाधीशों के परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। केंद्र सरकार ने 18 अक्टूबर को न्यायमूर्ति कौर और न्यायमूर्ति डुडेजा को उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इस महीने की शुरुआत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति करने के लिए उनके नामों की सिफारिश की थी। नयी नियुक्तियों के बाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 44 हो गई है, जिनमें आठ महिला न्यायाधीश भी शामिल हैं। उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 60 है।

# भारत का विकास राज्य के विकास से संभव: मोदी

## पीएम ने आरआरटीएस कॉरिडोर का किया उद्घाटन, बोले- मैंने तो बचपन रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिताया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क





गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (20 अक्टूबर) को देश को साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की सौगात दी। उन्होंने साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच चलने वाली पहली रैपिडएक्स ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। इस अवसर पर उन्होने कहा कि राज्यों के विकास से ही देश का विकास संभव है।

पीएम ने यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने तो अपना बचपन रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिताया है। पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्री का त्योहार चल रहा है। इसमें शुभ काम की परंपरा है। मैं दिल्ली-एनसीआर और पूरे वेस्ट यूपी को बधाई देता हूं, ये आरआरटीएस कॉरिडोर भारत के नए संकल्प को पूरा करता है, भारत का विकास राज्य के विकास से ये संभव हो पाया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ऐलान किया था कि आरआरटीएस ट्रेनों को नमो भारत के नाम के तौर पर जाना जाएगा। इसे लेकर काफी विवाद भी हुआ था और कांग्रेस ने नाम पर सवाल भी उठाए थे। यूपी के साहिबाबाद में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के लिए ऐतिहासिक पल है। आज भारत की पहली रैपिड रेल सर्विस-नमो भारत ट्रेन- की शुरुआत हुई है। इसे देश को समर्पित कर दिया गया है। नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है और स्पीड भी है। ये नमो भारत ट्रेन, नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। उन्होंने बेंगलुरू में मेट्रो की 2 लाइनों को समर्पित करने की जानकारी भी दी।

# इसरो कल करेगा गगनयान का परीक्षण

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**पहली उड़ान भरेगा टीवी-डी1**

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने गगनयान मिशन को लेकर लगभग तैयारियां पूरी कर ली है। गगनयान मिशन के तहत टीवी-डी1 अपने पहली परीक्षण के लिए 21 अक्टूबर यानी कल उड़ान भरेगा। जिसे सुबह आठ बजे श्रीहरिकोटा से भेजा जाएगा। इससे ही मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान को पंख लग जाएंगे।

कार्यक्रम से जुड़े जानकारों के मुताबिक, पहले परीक्षण उड़ान के नतीजों के आधार पर अन्य परीक्षण किए जाएंगे। इस दौरान क्रू मॉड्यूल को परखा जाएगा। जिसमें क्रू एस्केप प्रणाली भी शामिल है। बता दें कि गगनयान का यह हिस्सा तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने में इस्तेमाल किया जाएगा। इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए 400 किलोमीटर की लो अर्थ ऑर्बिट पर मानव को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। यह परीक्षण श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से होगा। इसमें क्रू मॉड्यूल की उड़ान, उसे वापस उतारने और समुद्र से रिकवर करने की प्रक्रियाएं शामिल होंगी। मॉड्यूल को वापसी में बंगाल की खाड़ी में उतारा जाना है। जिसे भारतीय नौसेना द्वारा रिकवर किया जाएगा। इसके के लिए नौसैनिकों का एक गोताखोर दल बनाया गया है। साथ ही मिशन के लिए एक जहाज को भी तैयार किया जाएगा। चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग और सूर्य के लिए आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के बाद गगनयान मिशन भारत को खगोल विज्ञान पर काम कर रहे अग्रणी देशों में शामिल करेगा।

## अगले साल भेजा जा सकता है गगनयान

गगनयान भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन है, इसे अगले साल के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।